दिनांक 31 अगस्त 2017 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के प्रथम संभाग के सभागार में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका विषय था- "हिंदी कविता और राष्ट्रीयता" (आधुनिक सन्दर्भ में)। अतिथि व्याख्याता के रूप में श्री समोद सिंह चरौरा (संस्थापक, अध्यक्ष, साहित्य संचेतना, सहसंयोजक, संस्कार भारती) उपस्थित थे।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम हुआ। श्री समोद सिंह चरौरा ने अपने उद्बोधन में आधुनिक हिंदी कविता के अनेकानेक उदाहरण देते हुए उसे राष्ट्रीयता से जोड़ा। साथ ही, आधुनिक समय में कवि उत्तरदायित्व पर प्रकाश डालते हुए आधुनिक हिंदी कविता की उपादेयता पर भी प्रकाश डाला।

हिंदी विभागाध्यक्षा श्रीमती किरण आनंद के निर्देशन में डॉ० रेनू महेश्वरी, श्रीमती मंजू गुप्ता और डॉ० बांके बिहारी के सहयोग से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यार्थी पूर्ण रूप से लाभान्वित हुए। कार्यक्रम का मंच सञ्चालन डॉ० बांके बिहारी ने किया।